मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–मार्च, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 16 फरवरी,2000 (माघ 27,1921)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, खनिज साधन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की 37 वीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1998-99, पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) राव देशराज सिंह यादव, सर्वश्री रणवीर सिंह रावत, सोनेराम कुशवाह, सदस्य, गुना जिले के ग्राम महुअन निवासी तीन लोगों का अपहरण किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री करणसिंह पवार, सदस्य, धार जिले के सूखा प्रभावित क्षेत्र से पलायन होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री जुगुल किशोर बागरी, सदस्य, सतना जिले के ग्राम जसो स्थित कन्या शाला का उन्नयन कराये जाने, तथा

(2) श्री मेघाराम साहू, सदस्य –

(क) कोरबा जिले के ग्राम करईनारा एवं ग्राम कोथारी स्थित हाईस्कूलों का उन्नयन कराये जाने ; एवं

(ख) जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम लवसरा स्थित हाईस्कूल का उन्नयन कराये जाने,

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. लोक निर्माण मंत्री का वक्तव्य

श्री श्रवण कुमार पटेल, लोक निर्माण मंत्री, दिनांक 8 मार्च एवं 15 जुलाई, 1999 को पूछे गये क्रमशः अतारांकित प्रश्न संख्या 88 (क्रमांक 4394) तथा परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 71 (क्रमांक 2094) के उत्तरों में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश अधोसंरचना विनिधान निधि बोर्ड विधेयक, 2000 (क्रमांक 4 सन् 2000) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

7. वर्ष 2000-2001 के आय व्ययक पर सामान्य चर्चा.........(क्रमशः).

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 15 फरवरी, 2000